# प्रेस विज्ञप्ति
## (बिहार पुलिस मुख्यालय)
### दिनांक–17.07.2023 (सं0–344)

**बिहार पुलिस के द्वारा "Operation Prahar(प्रहार)" के अधीन वर्ष 2023 के माह जनवरी से जून तक "वज्र" के द्वारा की गई कार्रवाई में अर्जित उपलब्धियों का विवरण।**

राज्य के समस्त जिलों में गम्भीर अपराध के अपराधियों की गिरफ्तारी तथा मद्यनिषेध हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान **"Operation Prahar(प्रहार)"** के अधीन हत्या/पुलिस पर हमले/अन्य गम्भीर अपराधों में अपराधियों तथा वांछितों की गिरफ्तारी हेतु जिलों में गठित "**वज्र**" कम्पनी/प्लाटूनों के द्वारा **वर्ष 2023 में माह जनवरी से जून तक की गयी कार्रवाइयों के प्रतिफल का विवरण निम्न प्रकार है।**

**इस वर्ष की प्रथम छमाही में 53 हजार से अधिक गिरफ्तारियाँ की गयी है।**

**राज्य में वज्र कम्पनी/प्लाटूनों के द्वारा वर्ष 2023 के माह जनवरी से जून तक की गई गिरफ्तारी**

| वर्ष | अपराध के मुख्य शीर्षों के अधीन गिरफ्तारी | | | | | | बरामदगी | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | हत्या | पुलिस पर हमला | हत्या का प्रयास | अनु0जाति/अनु0जन जाति अधि0 | अन्य विशेष प्रतिवेदित काण्डों में गि0 अभि0 | कुल गिरफ्तारी | आग्नेयास्त्र | कारतूस |
| 2022 | 2,398 | 1,297 | 5,991 | 1,713 | 15,660 | 27,059 | 1,130 | 3,848 |
| 2023 | 2,438 | 1,594 | 8,458 | 3,229 | 37,945 | 53,664 | 1,414 | 6,505 |

- **वर्ष 2023 की प्रथम छमाही में वर्ष 2022 की छमाही से लगभग 2 गुनी गिरफ्तारी हुयी है।**
- प्रायः सभी शीर्षों में अधिक गिरफ्तारी तथा अधिक बरामदगी हुयी है।

**वज्र कम्पनी/प्लाटूनों के द्वारा गिरफ्तारी करने वाले शीर्ष 05 जिलेः–**

| क्र0सं0 | जिला का नाम | गिरफ्तार अभियुक्तों की सं0 |
|---|---|---|
| 1 | पटना | 20,734 |
| 2 | गया | 3,317 |
| 3 | औरंगाबाद | 2,415 |
| 4 | मोतिहारी | 2,289 |
| 5 | सारण | 2,100 |

XXXXXX